## सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने हेतु नागरिक स्वच्छता एप का उपयोग करें

रतलाम। रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता एप की जानकारी निगमकर्मियों व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को दी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के लिये रतलाम नगर के नागरिक सफाई संबंधी शिकायत स्वच्छता एप दर्ज कराने के लिये अपने एन्ड्रोयड मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर में जाकर स्वच्छता एप टाईप करें, उसके पश्चात एप को इन्सटाल करें।

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नागरिक जागरूकता कार्यक्रमों में ले रहे है बढ़चढ़ कर हिस्सा

रतलाम । स्वतंत्रता व स्वच्छता का बहुत गहरा संबंध है। स्वतंत्रता अधिकार है तो स्वच्छता हमारा कर्तव्य है। रतलाम शहर लिए स्वच्छता नई बात नहीं है। महात्मा गांधी ने भी देश की आजादी के साथ स्वच्छता का भी सपना देखा। वह स्वच्छता के लिए बराबर लोगों को जागरूक करते रहे। स्वच्छता एक संस्कार है, जिसकी शुरुआत परिवार से होती है। स्वच्छता रोड पर झाड़ू लगाने से नहीं हो जाएगी। विकास एक उत्सव है और उत्सव में सभी को शामिल होना चाहिए। इसलिए उत्सव से पहले स्वच्छता अभियान मनाना बहुत जरूरी है। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। यह संकल्प शनिवार को दिलीपनगर के रहवासियों ने लिया। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान मंगलवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। इस दौरान कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नही हो पाता है.

# 523 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

इन्दौर समा. 7-1-2021

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहें पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 05 जनवरी तक 523 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड के निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 05 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 523 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 05 जनवरी को काटजू नगर, जवाहर नगर, गोमदड़े की पुल, विनोबा नगर से 6 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहे को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़े का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी। नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहुचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान है। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम द्वारा अर्थदण्ड राशि रूपये 500/- वसूल करेगा। स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ ...15..दिनांक...7–1.......2021

## सच्चाई : स्वच्छता के बीच ये तस्वीर शहर के लोकेंद्र भवन रोड की है



रतलाम | शहर में चल रहे स्वच्छता अभियान के बीच ये तस्वीर लोकेंद्र भवन रोड की है। यहां नालियां जाम हैं। इससे इसका गंदा पानी सड़क पर बह रहा है और लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। यह गंदा पानी स्टेडियम मार्केट भी जा रहा है। इससे कारोबारियों को भी दिक्कत आ रही है। सामाजिक कार्यकर्ता मांगीलाल जैन ने बताया गंदे पानी से रोज परेशानी आ रही है। इसकी शिकायत नगर निगम को की है। नगर निगम को नालियां साफ करवाना चाहिए। भास्कर

## आज जिले की 391 राशन दुकानों पर अन्न उत्सव मनाया जाएगा

रतलाम | गुरुवार को जिले की 391 राशन दुकानों पर अन्न उत्सव मनाया जाएगा। इसमें पात्रता पर्चीधारकों को राशन सामग्री देंगे। कलेक्टर ने मॉनिटरिंग के लिए सभी एसडीएम को व्यक्तिगत जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही प्रत्येक दुकान के लिए बनाए गए नोडल अधिकारियों से कहा है कि इसमें कमी नहीं रहना चाहिए। जिला पूर्ति अधिकारी विवेक सक्सेना ने यह जानकारी दी। भास्कर

## होमगार्ड कॉलोनी में पट्टे वाले मकान भी बिक रहे हैं

रतलाम | होमगार्ड कॉलोनी रहवासी सामाजिक कार्यकर्ता नंदकिशोर चौहान ने कलेक्टर को बुधवार को शिकायत की। शिकायत में उन्होंने बताया कि होमगार्ड कॉलोनी में जिला प्रशासन ने पट्टे जारी किए थे।

यह लोगों को आवास दिलाने के लिए जारी किए थे लेकिन इस कॉलोनी में पट्टे वाले मकान भी बिक रहे हैं। यहां अब तक 10 से ज्यादा पट्टे वाले मकान बिक चुके हैं। चूंकि शासन ने पट्टा जारी किया है। इससे इस पर इसे बेचने का अधिकार नहीं होता है। इसके पहले चौहान होमगार्ड कॉलोनी में 50 बीघा से ज्यादा नजूल भूमि पर अतिक्रमण की बात कह चुके हैं। उन्होंने कलेक्टर से जांच कर इस पर रोक लगाने की मांग की है। भास्कर

## कोरोना से 79वीं मौत, 7 नए संक्रमित मिले

रतलाम | जिले में बुधवार को एक और बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। ये कोरोना से 79वीं मौत है। बुधवार को 7 नए पॉजिटिव मिले। अब कुल संक्रमित 4178 हो गए हैं। नए संक्रमितों में राजस्व कॉलोनी की 35 वर्षीय महिला, लोक कल्याण नगर के 67 वर्षीय पुरुष, कोठी बाजार के 38 वर्षीय पुरुष, माताजी बड़ायला के 40 वर्षीय पुरुष, कस्तूरबा नगर के 60 वर्षीय पुरुष, राजस्व कॉलोनी की 36 वर्षीय महिला व छत्रीपुल की 82 वर्षीय महिला शामिल है। भास्कर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–इन्दौर समाचार पृष्ठ ..9.....दिनांक...7–1......2021

## नालो की सफाई का कार्य निरंतर जारी

इन्दौर समाचार 7-1-2021

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर के नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा 05 जनवरी मंगलवार को ईदगाह रोड, हाकमवाड़ा व लक्कड़पीठा वाले नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा करवाया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ ..1?... दिनांक 7/1 ........2021

# मुखर्जी नगर में 96 एमआइजी फ्लैट और 12 दुकानें फ्री होल्ड बिकेंगी



नगर निगम सभागार में लॉटरी निकालकर आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण की गई। •नईदुनिया

7-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर में निर्मित 96 एमआइजी फ्लेट व 12 दुकानों का फ्री होल्ड विक्रय करने के लिए आरक्षण गठित समिति द्वारा नगर निगम सभागृह में लॉटरी निकालकर किया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण की गई। इसके पश्चात निविदा आमंत्रित की जाएगी। आरक्षण प्रक्रिया उपायुक्त व गठित समिति नोडल अधिकारी विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, एमके जैन, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा, उपयंत्री राजेश पाटीदार के अलावा राजेंद्रसिंह गेहलोत, सतीश यादव आदि के द्वारा की गई।

**मिलेगी सुविधा**

- प्रधानमंत्री योजन के तहत लॉटरी डालकर किया आरक्षण
- आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद निविदा आमंत्रित की जाएगी

# स्वच्छता के लिए 17 को दौड़ेगा रतलाम

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने में नागरिकों की भागीदारी आवश्यक होने से रतलाम नगर के सभी नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु 17 जनवरी को रैली आयोजित किये जाने हेतु निगम आयुक्त झारिया ने निगम अधिकारी व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों की बैठक ली। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त झारिया ने निर्देशित किया कि रतलाम नगर स्वच्छता में नम्बर 1 तभी बन सकता है जब नगर का प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हो। नागरिकों को जागरूक किये जाने के लिए 17 जनवरी को स्वच्छता रैली का आयोजन किया जाना है, इसकी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि आयोजित रैली में जनप्रतिनिधि, नगर निगम सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी, स्वंय सेवी व सामाजिक संस्थाएं, शिक्षक, विद्यार्थी, नागरिक को सम्मिलित किया जाकर स्वच्छता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाए।

# स्वच्छता के लिये 17 जनवरी को दौड़ेगा रतलाम

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने ली बैठक

स्वदेश टैमान 7-1-2021

रतलाम। रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने में नागरिकों की भागीदारी आवश्यक होने से रतलाम नगर के सभी नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु 17 जनवरी को रैली आयोजित किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम अधिकारी व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों की बैठक ली।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि रतलाम नगर स्वच्छता में नम्बर 1 तभी बन सकता है जब नगर का प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हो। नागरिकों को जागरूक किये जाने हेतु 17 जनवरी को स्वच्छता रैली का आयोजन किया जाना है इस हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाये।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि आयोजित रैली में जनप्रतिनिधि, नगर निगम सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी, स्वंय सेवी व सामाजिक संस्थाऐं, शिक्षक, विद्यार्थी, नागरिक को सम्मिलित किया जाकर स्वच्छता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाये। आयोजित की जाने वाली रैली में स्वच्छता यात्रा, नागरिकों को निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाऐं, निगम के करो का समय पर भुगतान किये जाने के संदेश का चलित माडल से प्रचार-प्रसार, 3 आर की प्रस्तुति, नागरिकों से सिटीजन फीड बैक, कचरा पृथक्कीकरण के लिये चार डस्टबीन रखे जाने के प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में संबंधितों को दिये।

बैठक में सहायक आयुक्त श्रीमती नीता जैन, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, श्री एम.के. जैन, श्री सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, टीम आस्था प्रमुख श्री विजय गुप्ता, उपयंत्री सर्वश्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, मनीष तिवारी, सिद्धार्थ सोनी, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द शर्मा, स्टेनोग्राफर श्री प्रमोद तिवारी, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान, श्री पर्वत हाड़े के अलावा सर्वश्री शैलेन्द्र गोठवाल, बलवंतसिंह राठौर, वासुदेव बैरागी, अंजनी प्रसाद मिश्रा सहित आस्था टीम के सदस्य उपस्थित थे।

स्वदेश टैमान
7-1-2021

संकलन-नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 13 दिनांक 7/1 ..........2021

**मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अफसरों को दिए सजग रहने निर्देश**

# प्रदेश में बर्ड फ्लू से बचाव, रोकथाम व नियंत्रण के पूरे प्रयास किए जाएं

## भारत सरकार की एडवाइजरी के अनुसार रखी जा रही पूरी सतर्कता और सावधानी

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए हैं कि मध्यप्रदेश में मुर्गियों में पाए जाने वाले संक्रामक रोग बर्ड फ्लू से बचाव, रोकथाम और नियंत्रण के पूरे प्रयास किए जाएं। भले ही मध्यप्रदेश में ऐसे मामले नहीं आए हैं, फिर भी एहतियातन सभी सावधानियां बरती जाएं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बुधवार को सुबह अपने निवास पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें राज्य में बर्ड फ्लू से बचाव, रोकथाम और नियंत्रण के प्रयासों की समीक्षा की। वर्तमान में प्रदेश में ऐसी समस्या नहीं है, एहतियातन आवश्यक कदम उठाए गए हैं। इनमें भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस से जिलों को अवगत करवाया गया है। दक्षिण भारत के केरल सहित सीमावर्ती राज्यों से सीमित अवधि के लिए पोल्ट्री प्रतिबंधित रहेगा। यह अस्थाई रोक एहतियातन लगाई गई है। प्रदेश के कुछ स्थानों कुछ कौवों की मृत्यु की सूचना के बाद सावधानी के तौर पर ये कदम उठाया गया है। जिन जिलों से ऐसे समाचार मिले हैं, वहां रोग होने की पुष्टि भारतीय उच्च सुरक्षा रोग अनुसंधान प्रयोग शाला (एनआईएसएचएडी) से प्रतीक्षित है। इसके पहले सावधानी के तौर पर संपूर्ण प्रदेश में रोग के नियंत्रण और शमन के लिए अलर्ट जारी किया गया है।



बुधवार को भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य में बर्ड फ्लू से बचाव, रोकथाम और नियंत्रण के प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग भी उपस्थित थे।

### जिलों में गाइडलाइन का पालन करवाने के निर्देश


मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिलों में गाइडलाइन का पालन करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पशुपालन विभाग और सहयोगी विभागों एवं एजेंसियों को इस मामले में सजग रहने, रैंडम चेक करने और आमजन को आवश्यक जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां से पक्षियों की मृत्यु की जानकारी मिली है, सावधानी के तौर पर पोल्ट्री फार्म पर भी नजर रखी जाए।

**केंद्र सरकार को प्रतिदिन की स्थिति से अवगत करवाएं:** बैठक में बताया गया कि प्रदेश में बर्ड फ्लू की प्रतिदिन की स्थिति से भारत सरकार को अवगत करवाया जा रहा है। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव पशुपालन जेएन कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मोहम्मद सुलेमान और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रमुख बिन्दु

- कुछ जिलों में कौवों की मृत्यु का समाचार मिलने पर सैंपल एकत्रीकरण और रोग की रोकथाम और नियंत्रण के लिए कार्रवाई की गई।
- बर्ड फ्लू रोग उद्भेद करने वाले जिलों में कलेक्टर मार्गदर्शन में पशुपालन, वन, स्वास्थ्य और स्थानीय निकाय के समन्वित प्रयासों से जरूरी कार्यवाही तत्काल की गई है। भारत सरकार की एडवाइजरी के अनुसार सतर्कता रखी जा रही है।
- वर्तमान में सिर्फ कौवों में बर्ड फ्लू के एच5एन8 वायरस के संक्रमण की जानकारी मिली है। यह वायरस मुर्गियों में नहीं पाया गया है।
- जिलों में विभागीय दल जलाशयों, कुक्कुट प्रक्षेत्रों, कुक्कुट बाजारों में सघन निगरानी रख रहा है।
- बर्ड फ्लू संदर्भ में जन जागरूकता के लिए कुक्कुट पालकों और व्यवसायियों को इस रोग से बचाव के लिए आवश्यक जानकारियां दी की जा रही है।
- मध्यप्रदेश के जिलों में पोल्ट्री फार्म और बैकयार्ड कुक्कुट में किसी भी प्रकार से मुर्गियों में अप्राकृतिक मृत्यु की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। जिलों में पशुपालन विभाग का अमला संपूर्ण सतर्कता बरत रहा है।
- कौवों या मुर्गियों में बीमारी या अप्राकृतिक मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल सैंपल एकत्र कर प्रयोगशाला भेजने की कार्यवाही की जाती है। संक्रमित स्थान का डिस इन्फेक्शन और सैनिटाइजेशन जिले के स्थानीय निकाय के सहयोग से किया जाता है। इस प्रोटोकाल से सर्व संबंधितों को अवगत करवाया गया है।
- जो लोग मांसाहार करते हैं, उनके लिए यह सावधानी जरूरी है कि मुर्गियों को अच्छे से पका कर उपयोग करें, इससे मानव स्वास्थ्य को किसी प्रकार का खतरा नहीं है, अभी तक ऐसा कोई प्रकरण भी नहीं आया है, परंतु सावधानी और सतर्कता की आवश्यकता है।

# गंदगी फैलाने वाले 17 व्यक्तियों पर जुर्माना



जुर्माना वसूलते हुए नगर निगम कर्मचारी। •नईदुनिया 7-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों के घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार प्रकाश, राठौड़ रेस्टोरेंट अलकापुरी, गौराना स्टील, आरती स्टील, राज रतन स्टील पावर हाउस रोड, सुयश राठौड़ लोकेंद्र भवन रोड, अंगारा होटल स्टेडियम मार्केट पर 500-500, चेतन राठौड़ अलकापुरी, दीपक शहर सराय, नारायण शर्मा सैलाना बस स्टैंड, राजेश सिविक सेंटर, तथ्यवी ऑटो पार्ट्स स्टेडियम मार्केट पर 250-250, भगवती रेस्टोरेंट अलकापुरी, गोपाल सैलाना बस स्टैंड, अमित सिविक सेंटर पर 100-100 रुपये का जुर्माना किया गया। कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, विनय चौहान आदि के द्वारा की गई।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार –पृष्ठ 17 दिनांक 7-1 2021

## नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये



रतलाम। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।



## नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये

रतलाम । सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

7-1-2021

# स्वच्छता के लिये 17 जनवरी को दौड़ेगा रतलाम, निगम आयुक्त ने ली बैठक



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क** 7-1-2021

रतलाम नगर को स्व%छता में नम्बर 1 बनाने में नागरिकों की भागीदारी आवश्यक होने से रतलाम नगर के सभी नागरिकों को स्व%छता के प्रति जागरूक करने हेतु 17 जनवरी को रैली आयोजित किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम अधिकारी व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों की बैठक ली। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि रतलाम नगर स्व%छता में नम्बर 1 तभी बन सकता है जब नगर का प्रत्येक नागरिक स्व%छता के प्रति जागरूक हो।

नागरिकों को जागरूक किये जाने हेतु 17 जनवरी को स्व%छता रैली का आयोजन किया जाना है इस हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जावें। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि आयोजित रैली में जनप्रतिनिधि, नगर निगम सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी, स्वयं सेवी व सामाजिक संस्थाऐं, शिक्षक, विद्यार्थी, नागरिक को सम्मिलित किया जाकर स्व%छता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाये। आयोजित की जाने वाली रैली में स्व%छता यात्रा, नागरिकों को निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाऐं, निगम के करो का समय पर भुगतान किये जाने के संदेश का चलित माडल से प्रचार-प्रसार, 3 आर की प्रस्तुति, नागरिको से सिटीजन फीड बैक, कचरा पृथकीकरण के लिये चार डस्टबीन रखे जाने के प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश निगम आयुक्त ने बैठक में संबधितों को दिये।

# सड़क पर कार्य करने वाले के साथ सरकार

## सीएम ने किया सड़क पर काम करने वालों के साथ संवाद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 7-1-2021



रतलाम. पीएम स्वनिधी योजना में 2 लाख से अधिक हितग्राहियों को ऋण वितरण पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बुधवार को लाभार्थियों से संवाद किया। इसका सीधा प्रसारण शहर के बड़बड़ रोड स्थित विधायक सभागृह में एलईडी वॉल स्क्रीन के माध्यम से देखा व सुना। इस दौरान सीएम ने कहा कि सड़क पर काम करने वाले व्यक्ति के साथ सरकार है। आजीविका कमाने का अधिकार सभी को है। समाज के इस कमजोर वर्ग को कोई परेशान अतिक्रमण के नाम पर नहीं करें।

मुख्यमंत्री चौहान द्वारा पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत बुधवार को दोपहर 2 बजे लाभार्थियों से किये जाने वाले संवाद के सीधे प्रसारण को देखने व सुनने हेतु विधायक सभागृह में नगर निगम द्वारा एलईडी वॉल स्क्रीन की व्यवस्था की गई थी जहां अधिकारी, कर्मचारी तथा हितग्राहियों सोश्यल डिस्टेंसिंग व मास्क के साथ बैठाया गया।

आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, भाजपा जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय के अलावा भाजपा नेता प्रवीण सोनी, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, कर्णधीर बड़गोत्या, उपायुक्त विकास सोलंकी सहित जिला प्रशासन, निगम प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा हितग्राही उपस्थित थे।


# मुख्यमंत्री के स्वनिधि संवाद को देखा और सुना

नई दुनिया 7-1-2021

रतलाम। पीएम स्वनिधि योजना में दो लाख से अधिक हितग्राहियों को ऋण वितरण पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के लाभार्थियों से संवाद व संबोधन के सीधे प्रसारण को अधिकारी, कर्मचारी व हितग्राहियों ने विधायक सभागृह में एलइडी वॉल स्क्रीन के माध्यम से देखा व सुना।

बुधवार दोपहर दो बजे आयोजित कार्यक्रम को लेकर नगर निगम प्रशासन ने सभी इंतजाम किए। अधिकारी, कर्मचारी तथा हितग्राहियों शारीरिक दूरी व मास्क के साथ बैठाया गया। आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचंद्र डाड, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, भाजपा जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय के अलावा प्रवीण सोनी, मयूर पुरोहित, कर्णधीर बड़गोत्या, उपायुक्तविकास सोलंकी सहित जिला प्रशासन, निगम प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा हितग्राही उपस्थित थे।

नई दुनिया 7-1-2021



# सीएम के कार्यक्रम का प्रसारण हितग्राहियों ने देखा व सुना

7-1-2021

रतलाम। पीएम स्वनिधी योजना में 2 लाख से अधिक हितग्राहियों को ऋण वितरण पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा लाभार्थियों से किये गये संवाद व उद्बोधन के सीधे प्रसारण को जिले में भी देखा व सुना गया। बरबड के विधायक सभागृह में उपस्थित हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को देखा व सुना। विधायक सभागृह में नगर निगम द्वारा एलईडी वॉल स्क्रीन लगाई गई, अधिकारी, कर्मचारी तथा हितग्राहियों द्वारा सोश्यल डिस्टेंसिंग का पालन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, मनोहर पोरवाल, शैलेन्द्र डागा, प्रदीप उपाध्याय, प्रवीण सोनी मयूर पुरोहित, कर्णधीर बड़गोत्या, उपायुक्त विकास सोलंकी सहित जिला प्रशासन, निगम प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा हितग्राही उपस्थित थे।

7-1-2021

## मतदाता सूची पुनरीक्षण का जिम्मा दिया

रतलाम | फोटोयुक्त मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण के लिए कलेक्टर ने जपं रतलाम के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रतलाम ग्रामीण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार रतलाम ग्रामीण तथा अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर को बनाया है। नगर पालिक निगम रतलाम के वार्ड 1 से 25 तथा 26 से 39 के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (राजस्व) रतलाम शहर, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अतिरिक्त तहसीलदार रतलाम शहर (नजूल) वार्ड 1 से 25 तथा नायब तहसीलदार शहर वार्ड 26 से 49, अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर को बनाया गया है।

## मतदाता सूची का करेंगे वार्षिक पुनरीक्षण

7-1-2021

रतलाम. राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में पंचायतों तथा नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिए रजिस्ट्रीकरण तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपालचन्द्र डाड द्वारा आदेश जारी किया गया है।

उसके अनुसार जनपद पंचायत रतलाम के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रतलाम ग्रामीण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार रतलाम ग्रामीण तथा अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर रतलाम रहेंगे। इसी प्रकार जावरा के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जावरा, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार जावरा तथा अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर रतलाम, आलोट के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आलोट, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार आलोट तथा अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर रतलाम, पिपलौदा के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जावरा, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार पिपलौदा तथा अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर रतलाम, सैलाना के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सैलाना, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार सैलाना तथा अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर रतलाम तथा बाजना के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सैलाना, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार बाजना तथा अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर रतलाम को दायित्व सौंपे गए हैं। उक्त सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारीगण संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। इसी प्रकार नगर पालिक निगम रतलाम सहित अन्य के लिए भी अलग व्यवस्था की गई है।

7-1-2021

## मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण के लिए रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी

7-1-2021

रतलाम। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में पंचायतों तथा नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिए रजिस्ट्रीकरण तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इस सम्बन्ध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपालचन्द्र डाड द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत रतलाम के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी रतलाम ग्रामीण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार रतलाम ग्रामीण तथा अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर रतलाम, जावरा के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी जावरा, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार जावरा तथा अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर रतलाम, आलोट के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी आलोट, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार आलोट तथा अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर रतलाम, पिपलौदा के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी जावरा, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार पिपलौदा तथा अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर रतलाम, सैलाना के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी सैलाना, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार सैलाना तथा अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर रतलाम तथा बाजना के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी सैलाना, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार बाजना, अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर को दायित्व सौंपे गए हैं।

7-1-2021

# गंदगी फैलाने पर 14 व्यक्तियों पर जुर्माना

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क** 7-1-2021

नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नासिर अहमद कबाड़ी हाट की चौकी पर 5000, हाकमसिंह, मनीष गौशाला रोड, मोहम्मद शाकिर हाट की चौकी, अमित शहर सराय पर 500-500, सुरेश पांचाल, पाटीदार इलेक्ट्रॉनिक गौशाला रोड, अब्दुल हुसैन हाट की चौकी पर 250, अनुराग अनवर हुसैन बाजना बस स्टैण्ड, गोपाल गौशाला रोड, राकेश हाट की चौकी, छोटू ऑटो गैरेज पर 100-100, राजू सोनी दो बत्ती, कालू हाट की चौकी पर 50-50 रूपये का जुर्माना किया गया।

## गंदगी फैलाने पर 14 व्यक्तियों पर जुर्माना

7-1-2021

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नासिर अहमद कबाड़ी हाट की चौकी पर 5000, हाकमसिंह, मनीष गौशाला रोड, मोहम्मद शाकिर हाट की चौकी, अमित शहर सराय पर 500-500, सुरेश पांचाल, पाटीदार इलेक्ट्रॉनिक गौशाला रोड, अब्दुल हुसैन हाट की चौकी पर 250, अनुराग अनवर हुसैन बाजना बस स्टैण्ड, गोपाल गौशाला रोड, राकेश हाट की चौकी, छोटू ऑटो गैरेज पर 100-100, राजू सोनी दो बत्ती, कालू हाट की चौकी पर 50-50 रूपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

7-1-2021

## गंदगी फैलाने पर 14 व्यक्तियों पर जुर्माना

7-1-2021

**रतलाम।** नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है, ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है, ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है। इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

7-1-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया––पृष्ठ ..18...दिनांक..7-1.......2021

# तापमान में घट–बढ़ का सिलसिला जारी

## मौसम हुआ सर्द, रात में जगह–जगह जल रहे अलाव

7-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। हवा का रुख बदलने से तापमान में घट-बढ़ का सिलसिला जारी है। बुधवार को मौसम पूरी तरह सामान्य रहा। दिनभर धूप-छांव का खेल चलता रहा।

जिले में बुधवार सुबह देर तक कोहरा छाया रहा। इससे सड़कों पर वाहनों और ट्रैक पर ट्रेनों के पहिये थमे रहे। अधिकतम तापमान 27.2 व न्यूनतम 13.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में 0.2 डिग्री सेल्सियस का उछाल आया, वहीं न्यूनतम तापमान में 0.3 गिरावट दर्ज की गई। सुबह की आर्द्रता 79 व शाम की 67 प्रतिशत रही, जो मंगलवार को क्रमशः 88 व 80 प्रतिशत थी। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेंटर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल व चौराहों पर अलाव जलाए जा रहे हैं, वहीं कई नागरिक अपने स्तर पर भी सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं।



रतलाम में सर्दी से बचाव के लिए अलाव तापती हुई महिलाएं। • नईदुनिया

**जनजीवन**

- बुधवार सुबह कोहरे के कारण सड़क और रेल मार्ग पर यातायात प्रभावित
- नगर निगम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की

**एक नजर तापमान की चाल पर**

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 06 जनवरी | 27.2 | 13.2 |
| 05 जनवरी | 27.0 | 13.5 |
| 04 जनवरी | 26.2 | 13.4 |
| 03 जनवरी | 28.6 | 14.0 |
| 02 जनवरी | 27.6 | 13.6 |
| 01 जनवरी | 26.2 | 8.2 |
| 31 दिसंबर | 22.6 | 7.3 |

# अनुपयोगी शासकीय भवनों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें

रतलाम। आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ जिले के जरूरतमंद व्यक्तियों को ज्यादा से ज्यादा दिलवाया जाए। जनपद पंचायत क्षेत्रों में जिस तरह कार्य किया जा रहा है उसी प्रकार से नगरीय निकायों में भी तेज गति से कार्य किया जाए। इस संबंध में एसडीएम नगरपालिका अधिकारियों की बैठक लें, वार्डवार सूचियां निकाली जाए। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा बुधवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जहां अलाव जलाने की आवश्यकता है, व्यवस्था की जाए। ठंड के कारण कोई जनहानि नहीं हो। रेडक्रॉस से भी सहायता दी जाएगी। कलेक्टरने लोक परिसंपत्ति पोर्टल पर भवनों की जानकारी दर्ज करने की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि अनुपयोगी शासकीय भवनों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाए। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, लोक निर्माण विभाग सदस्य, जिला पंचायत के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एवं उपसंचालक कृषि को भी निर्देशित किया गया।

दैनिक भास्कर 7-1-2021

# आयुष्मान योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों को दिलवाए

**▸ कलेक्टर ने टीएल बैठक में दिए निर्देश**

रतलाम। आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ जिले के जरूरतमंद व्यक्तियों को ज्यादा से ज्यादा दिलवाया जाए। इसके लिए जिस प्रकार जनपद पंचायत क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है उसी प्रकार से नगरीय निकायों में भी तेज गति से कार्य किया जाए। इस संबंध में एसडीएम नगरपालिका अधिकारियों की बैठक ले, वार्डवार सूचियां निकाली जाए। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद डाड द्वारा आज संपन्न समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए गए। बैठक में कलेक्टर द्वारा शीत ऋतु के दृष्टिगत जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जहां अलाव जलाने की आवश्यकता है, व्यवस्था की जाए। ठंड के कारण कोई जनहानि नहीं हो यह सुनिश्चित करें। इस संबंध में रेडक्रॉस से भी सहायता दी जाएगी। जिले में पात्रता पर्चीधारकों को राशन सामग्री वितरण के लिए आयोजित किए जा रहे अन्न उत्सव के आयोजन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि अन्न उत्सव आयोजन की जानकारी पात्रता पर्चीधारकों को देने के लिए छोटे स्थानों पर डोंडी पिटवाई जाए, बड़े स्थानों पर माइक से सूचित किया जाए। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों को भी समय सीमा में सूचित किया जाए।

कलेक्टर द्वारा लोक परिसंपत्ति पोर्टल पर भवनों की जानकारी दर्ज करने की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि अनुपयोगी शासकीय भवनों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाए। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, लोक निर्माण विभाग सदस्य, जिला पंचायत के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एवं उपसंचालक कृषि को भी निर्देशित किया गया। सीएम हेल्पलाइन में लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें, भविष्यात्मक निराकरण नहीं करें।

दैनिक भास्कर
7-1-2021

# स्वच्छता के लिये 17 जनवरी को दौड़ेगा रतलाम

## निगम आयुक्त झारिया ने ली बैठक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

7-1-2021



नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने में नागरिकों की भागीदारी आवश्यक होने से रतलाम नगर के सभी नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु 17 जनवरी को रैली आयोजित किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम अधिकारी व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों की बैठक ली। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि रतलाम नगर स्वच्छता में नम्बर 1 तभी बन सकता है जब नगर का प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हो। नागरिकों को जागरूक किये जाने हेतु 17 जनवरी को स्वच्छता रैली का आयोजन किया जाना है इस हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाये।


बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि आयोजित रैली में जनप्रतिनिधि, नगर निगम सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी, स्वंय सेवी व सामाजिक संस्थाऐं, शिक्षक, विद्यार्थी, नागरिक को सम्मिलित किया जाकर स्वच्छता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाये।

आयोजित की जाने वाली रैली में स्वच्छता यात्रा, नागरिकों को निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाऐं, निगम के करो का समय पर भुगतान किये जाने के संदेश का चलित माडल से प्रचार-प्रसार, 3 आर की प्रस्तुति, नागरिकों से सिटीजन फीड बैक, कचरा पृथक्कीकरण के लिये चार डस्टबीन रखे जाने के प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में संबंधितों को दिये।

बैठक में सहायक आयुक्त श्रीमती नीता जैन, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, ज... जायसवाल, एम.के. ... सत्यप्रकाश आचार्य, स्व... अधिकारी ए.पी. सिंह, टीम ... प्रमुख विजय गुप्ता, उपयंत्री ... पंडित, बी.एल. चौधरी, ... पाटीदार, विकास मरकाम, ... तिवारी, सिद्धार्थ सोनी, ... कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपु... श्रीमती अनिता ठाकुर, का... अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, स्टेनो... प्रमोद तिवारी, झोन प्रभारी ... चौहान, पर्वत हाड़े के अ... शैलेन्द्र गोठवाल, बलवंतसिंह र... वासुदेव बैरागी, अंजनी प्रसाद ... सहित आस्था टीम के स... उपस्थित थे।

# स्वच्छता के लिये 17 जनवरी को दौड़ेगा रतलाम, निगम आयुक्त झारिया ने ली बैठक

इन्दौर समाचार 7-1-2021



रतलाम। नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने में नागरिकों की भागीदारी आवश्यक होने से रतलाम नगर के सभी नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु 17 जनवरी को रैली आयोजित किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम अधिकारी व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों की बैठक ली। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि रतलाम नगर स्वच्छता में नम्बर 1 तभी बन सकता है जब नगर का प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हो। नागरिकों को जागरूक किये जाने हेतु 17 जनवरी को स्वच्छता रैली का आयोजन किया जाना है इस हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाये।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि आयोजित रैली में जनप्रतिनिधि, नगर निगम सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी, स्वंय सेवी व सामालिक संस्थाऐं, शिक्षक, विद्यार्थी, नागरिक को सम्मिलित किया जाकर स्वच्छता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाये। आयोजित की जाने वाली रैली में स्वच्छता यात्रा, नागरिकों को निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाऐं, निगम के करो का समय पर भुगतान किये जाने के संदेश का चलित माडल से प्रचार-प्रसार, 3 आर की प्रस्तुति, नागरिकों से सिटीजन फीड बैक, कचरा पृथक्कीकरण के लिये चार डस्टबीन रखे जाने के प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में संबंधितों को दिये।

बैठक में सहायक आयुक्त श्रीमती नीता जैन, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, एम.के. जैन, सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, टीम आस्था प्रमुख विजय गुप्ता, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, मनीष तिवारी, सिद्धार्थ सोनी, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े के अलावा शैलेन्द्र गोठवाल, बलवंतसिंह राठौर, वासुदेव बैरागी, अंजनी प्रसाद मिश्रा सहित आस्था टीम के सदस्य उपस्थित थे।

इन्दौर समाचार
7-1-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर ----पृष्ठ ..15..दिनांक..7..1.......2021

## नहीं बांटा ऋण, 2 सिटी मैनेजर और 5 सामुदायिक संगठिकाओं का वेतन रोका

भास्कर संवाददाता | रतलाम

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में पंजीकृत 5000 स्ट्रीट वेंडरों में से 2350 को ऋण वितरण नहीं किए जाने पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्रवाई करते हुए 2 सिटी मैनेजर और 5 सामुदायिक संगठिकाओं का वेतन लक्ष्य पूरा करने तक रोक दिया है।

योजना में अब तक 2650 हितग्राहियों को ही ऋण का वितरण हुआ है। अपडेट पर आयुक्त को स्थिति का पता चला तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई कर दी। जिनका वेतन रोका गया है, उनमें सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया, नितिन तिवारी, सामुदायिक संगठिका राजश्री गुमास्ते, सीमा सुरोहितया, रेखा राठौर, हेमा सिलावट, डॉ. निर्मला राय शामिल हैं। भास्कर

## दो सीएमएम व पांच सामुदायिक संगठिकाओं का वेतन रोका

नई दुनिया 7-1-2021

रतलाम। पीएम स्वनिधि योजना का लक्ष्य पूरा नहीं किए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दो सिटी मैनेजर व पांच सामुदायिक संगठिकाओं का वेतन लक्ष्य पूरा करने तक वेतन रोके जाने के निर्देश दिए। योजना में रतलाम शहर के 5000 स्ट्रीट वेंडरों द्वारा पंजीयन कराया गया था। अभी तक 2650 हितग्राहियों को ही ऋण का वितरण हुआ है। शेष हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने तक सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया, नितिन तिवारी, सामुदायिक संगठिका राजश्री गुमास्ते, सीमा सुरोहितया, रेखा राठौर, हेमा सिलावट, डॉ. निर्मला राय का वेतन रोका गया।

नई दुनिया
7-1-2021

**विजन डॉक्यूमेंट** • मुख्यमंत्री चार से पांच घंटे रहेंगे, कामों को शुरुआती मंजूरी देंगे, तारीख घोषित होने के बाद निगम बनाने लगा प्रजेंटेशन

# शहर विकास का 2025 का रोडमैप तैयार, 27 जनवरी को देखेंगे मुख्यमंत्री

भास्कर संवाददाता | रतलाम

2025 तक शहर में कौन कौन से विकास कार्य होंगे और उन्हें अंजाम तक पहुंचाने की क्या योजना है। 27 जनवरी को यह सब खुद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान देखेंगे। बुधवार को सरकार ने तारीख तय कर दी है। मुख्यमंत्री चार से पांच घंटे शहर में रहेंगे।

जानकारी पहले से थी इसलिए नगर निगम ने विधायक चेतन्य काश्यप की मदद से पांच सालाना विकास कार्यों के रोडमैप का प्रजेंटेशन बनाना शुरू कर दिया है। इसके जरिए नगर निगम को बताना होगा कि आने वाले समय में सड़क, पानी, बिजली, नाले-नालियां, पुलिया सहित अन्य जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर और बड़े प्रोजेक्ट पर काम किया जाएगा। यह प्रजेंटेशन प्रोजेक्टर पर सीएम को दिखाना होगा। अफसरों के चर्चा के बाद मुख्यमंत्री जरूरी संशोधन कराते हुए विकास कार्यों को शुरुआती मंजूरी देते जाएंगे। इसी दिन मुख्यमंत्री देवास भी जाएंगे।

भास्कर

## शहर की मूलभूत जरूरतों का खाका खींचते हुए कुछ इस तरह बन रहा विकास का रोडमैप

- **पानी** - शहर को नियमित जलप्रदाय, 14 दिसंबर से कस्तूरबा नगर टंकी से शुरुआत हो चुकी है। बाकी की 16 टंकियों से कैसे रोजाना पानी दिया जाएगा, इसकी योजना बताएंगे।
- **बिजली** - एलईडी कन्वर्जन के माध्यम से निगम दो साल पहले शहर की 11500 से ज्यादा स्ट्रीट लाइटों पर एलईडी लगा चुका है। अब बची कॉलोनियों के साथ वाटर सप्लाई सिस्टम का भी एनर्जी ऑडिट कराकर एलईडी कन्वर्जन।
- **ट्रैफिक** - शहरी यातायात को सुगम बनाने के लिए सिग्नल, स्टॉपर व अन्य इंतजाम के साथ प्रमुख चौराहों जैसे सैलाना बस स्टैंड, दिलबहार, बाजना बस स्टैंड सहित अन्य चौराहों की रोटरियों में ट्रैफिक के अनुसार बदलाव।
- **बरसाती नाले** - शहर में छोटे-बड़े 26 नाले हैं, अभी तीन को 11 करोड़ की लागत से पक्का बनाया जा रहा है। बाकी 23 नालों को पक्का करने की योजना रोडमैप में शामिल की जा रही है।
- **रिंग रोड** - तीन साल की कोशिश के बाद आवश्यक सुधार करके डीपीआर फाइनल हो गई है। एक बार टेंडर बुलाया था लेकिन तकनीकी मापदंडों पर खरा नहीं उतरा। अब दूसरी बार की तैयारियों को बताया जाएगा।
- **फोरलेन** - इसमें नगर निगम तिराहे से पैलेस गेट, सैलाना बस स्टैंड से मानव सेवा समिति तिराहा तक, सैलाना बस स्टैंड-गायत्री टॉकिज-शहर सराय सहित कुछ अन्य सड़कों को भी फोरलेन में तब्दील करने की योजना।
- **मास्टर प्लान** - वर्तमान प्लान 2021 तक का है। भूमि उपयोग का सर्वे हो गया है, इससे प्राप्त डाटा का टीएंडसीपी परीक्षण कर रहा है। उसके आधार पर नया किस तरह बनाया जाएगा, यह सीएम को बताएंगे।
- **मिनी स्मार्ट सिटी** - इसमें 8 प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण, सात चौराहों का सौंदर्यीकरण सहित 18 काम होना है। भौतिक परिस्थितियों के अनुसार किए गए बदलावों सहित योजना को रखा जाएगा।

## पांच सालाना रोडमैप का एजेंडा

- **समावेशी शहरी विकास** - रात्रि कालीन आश्रय, दीनदयाल रसोई, स्व सहायता समूहों का गठन, कौशल प्रशिक्षण, रोजगार, गरीबों के लिए आवास
- **संवहनीय विकास** - सीवरेज, सैनिटेशन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन
- **राजस्व एवं प्रशासनिक सुधार** - आय के स्त्रोत बढ़ाना, जल कर, संपत्ति कर, उपभोक्ता प्रभार, अन्य प्रशासनिक सुधार
- **शहरी सेवा प्रदाय की गुणवत्ता में सुधार** - ई-गवर्नेंस, जलप्रदाय, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज, सार्वजनिक परिवहन, स्ट्रीट लाइट
- **नगरीय नियोजन के माध्यम से शहरी अर्थव्यवस्था में सुधार** - जीआईएस और मास्टर प्लान की स्थिति

*मुख्यमंत्री 27 जनवरी को आएंगे। वे नगर निगम द्वारा आगामी पांच साल में कराए जाने वाले शहर विकास के कार्यों को रोडमैप देखेंगे। प्रजेंटेशन बनना शुरू हो गया है। इसमें विस्तृत सर्वे कर वर्तमान और आगे की योजनाओं को शामिल कर रहे हैं।* **चेतन्य काश्यप**, विधायक

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–स्वदेश दुनिया–पृष्ठ 3......दिनांक 7.....1.......2021

# स्वच्छता के लिए नगारिक दे रहे फीडबैक

स्वदेश 7-1-2021

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर के समस्त घरों, दुकानों आदि से 100 प्रतिशत गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक संग्रहित किये जाने हेतु नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम आस्था के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक रखने की समझाइश दी जा रही है। नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु गीले एवं सूखे कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालने की समझाइश दी। स्वच्छता के लिए नागरिक भी अच्छा फीडबैक दे रहे हैं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–स्वदेश–––पृष्ठ ...16...दिनांक...7-1.........2021




## मेला क्षेत्र की प्रशासन ने ली सुध

रतलाम● त्रिवेणी क्षेत्र में महारूद्र यज्ञ तथा मेला क्षेत्र में गंदगी तथा जबरेश्वर महादेव मंदिर की जर्जर स्थिति के संबंध में स्वदेश में प्रकाशित खबर का असर यह हुआ कि दूसरे दिन प्रशासन ने सुध लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। समाजसेवी हर्षित उपाध्याय का कहना है कि एक समय यह क्षेत्र काफी प्रसिद्ध था लेकिन आज यह क्षेत्र उपेक्षित है। मेला क्षेत्र के आसपास कॉलोनियां बन गई। यह कॉलोनियां कैसे बन रही है यह तो ज्ञात नहीं, लेकिन इस क्षेत्र को संरक्षित घोषित किया जाना चाहिए ताकि तपोस्थली यह क्षेत्र सुरक्षित रह सके।

# स्वच्छता के लिए 17 को दौड़ेगा रतलाम

रतलाम। रतलाम को स्वच्छता में नंबर वन बनाने में नागरिकों की भागीदारी आवश्यक होने से 17 जनवरी को रैली आयोजित किए जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी व सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों की बैठक ली। रैली में जनप्रतिनिधि, नगर निगम सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी व सामाजिक संस्थाएं, शिक्षक, विद्यार्थी, नागरिक को सम्मिलित किया जाकर स्वच्छता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

बैठक में सहायक आयुक्त नीता जैन, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, एमके जैन, सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, टीम आस्था प्रमुख विजय गुप्ता, उपयंत्री सुहास पंडित, बीएल चौधरी, राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, मनीष तिवारी, सिद्धार्थ सोनी, ब्रजेश कुशवाह, दीक्षा निजामपुरकर, अनिता ठाकुर, कार्यालय अधीक्षक रामचंद्र शर्मा, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े के अलावा शैलेंद्र गोठवाल, बलवंतसिंह राठौर, वासुदेव बैरागी, अंजनी प्रसाद मिश्रा सहित आस्था टीम के सदस्य उपस्थित थे।